# रंगोली बनाकर आओ मतदान करें का दिया संदेश

## कलेक्ट्रेट समेत कई कार्यालयों में चला जागरूकता अभियान

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

अमृत विचारः जिले में 13 मई को होने वाले चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के उद्देश्य से चलाए जा रहे जागरूकता अभियान के तहत सोमवार को कलक्ट्रेट-विकास भवन समेत तमाम कई सरकारी कार्यालयों में रंगोली सजाई गई। रंगोली अभियान में माध्यमिक और बेसिक के त्र-छात्राओं और शिक्षक-शिक्षिकाओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

जिला निर्वाचन अधिकारी उमेश प्रताप सिंह के निर्देश और सीडीओ डॉ. अपराजिता सिंह के मार्गदर्शन में चलाए गए अभियान के तहत माध्यमिक कालेजों की छात्राओं और शिक्षिकाओं ने कलक्ट्रेट, विकास भवन, डीआईओएस कार्यालय, बीएसए कार्यालय, तहसील समेत अन्य कार्यालयों में मतदान का संदेश देने वाली प्रेरक रंगोली सजाई गई। इसी तरह बेसिक शिक्षा विभाग के बीआरसी केंद्रों पर छात्र-छात्राओं और शिक्षिकाओं ने रंगोली बनाकर लोगों को वोट डालने के लिए प्रेरित किया। डीआईओएस हरिवंश कुमार की देखरेख में चले अभियान में आर्य महिला इंटर कालेज, आर्य कन्या इंटर कालेज, जीजीआईसी, नेशनल गर्ल्स इंटर कालेज, डॉ. सुदामा प्रसाद कन्या इंटर कालेज, श्यामलाल अंगने लाल बालिका इंटर कालेज की छात्राओं ने प्रतिभाग किया।

इसी तरह नगर निगम कार्यालय परिसर में भी आकर्षक रंगोली सजाई गई। नगर आयुक्त डॉ. विपिन मिश्रा, उप नगर आयुक्त संगीता कुमारी, सहायक अभियंता जलकल प्रेमचंद्र आर्य, कर अधीक्षक सदानंद, विय कुमार आदि ने उत्साहवर्धन किया और सभी को मतदान की शपथ भी दिलाई। परिषदीय स्कूलों के बच्चों ने बीआरसी केंद्रों पर रंगोली बनाकर क्षेत्रीय लोगों को 13 मई को सारे काम छोड़कर पहले मतदान करने का संदेश दिया। इस दौरान छात्राओं ने आकर्षक रंगोली बनाकर वाहवाही लूटी। सीडीओ डॉ. अपराजिता सिंह, डीडीओ पवन कुमार सिंह, डीआईओएस, बीएसए आदि ने छात्रों का उत्साहवर्धन किया। दीपक दीक्षित, राजन प्रजापति, मोहम्मद कमर, माधवी मिश्रा, सुमन पाठक, मीनाक्षी आर्या, रोली बाथम, सुमन शर्मा, तरन्नुम सिद्दीकी, नाजिमा बानो आदि शिक्षक-शिक्षिकाओं का सहयोग रहा।


नगर निगम परिसर में रंगोली के साथ खड़े नगर आयुक्त डॉ. विपिन मिश्रा।


बीआरसी निगोही और जैतीपुर में सजाई गई आकर्षक रंगोली। ● अमृत विचार

- सीडीओ, डीडीओ, डीआईओएस, बीएसए ने किया छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन

### रंगोली बनाकर मतदान के लिए किया जागरूक

**निगोही** : परिषदीय विद्यालयों एवं खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय पर रंगोली बनाकर मतदान के लिए जागरूक किया गया। खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय पर खंड शिक्षा अधिकारी रमेश पंकज के निर्देशन में शिक्षिका अनीता, रचना एवं कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय की छात्राओं मोनी, प्रतिज्ञा एवं अल्का के द्वारा रंगोली बनाई गई। इस मौके पर राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के जिला महामंत्री महेन्द्र सिंह भी उपस्थित रहे। रंगोली प्रतियोगिता को संपन्न कराने में नमित गुप्ता, अमन श्रीवास्तव, आजम खान, श्वेता प्रताप, जीशान सिद्दीकी, हिमांशु सिंह, शिप्रा सिंह, सुनील कुमार, लालमाणिक चौधरी, सुरेश पाल कुशवाहा, मनोरमा मिश्रा, अल्का, पारस वर्मा, परविंदर कौर, मनीषा समेत सभी शिक्षकों का सहयोग रहा।


विकास भवन में रंगोली सजाने वाली छात्राओं और शिक्षकों का उत्साहवर्धन करती सीडीओ डॉ. अपराजिता सिंह। ● अमृत विचार

### व्यापारियों ने दिलाई मतदान करने की शपथ



**शाहजहांपुर, अमृत विचार** : उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल की बैठक में व्यापारियों को शत-प्रतिशत मतदान करने की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर महानगर अध्यक्ष सचिन बाथम ने व्यापारियों को लोकसभा चुनाव में बढ़चढ़ कर सहभागिता करते हुए आह्वान किया कि सभी व्यापारी अपने परिवार के सदस्यों के साथ अपने मतदान केंद्र पर जाकर वोट अवश्य डालें। इससे पहले व्यापारी नेताओं ने हद्दफ चौकी व ईदगाह रोड इकाई के सदस्यों के साथ बाजार का भ्रमण किया और सभी से 13 मई को मतदान करने की अपील की। बैठक में उवैस हसन खां, अशोक गुप्ता, अखिल मिश्रा, मधुरेश गुप्ता, महेंद्र दुबे, इकबाल खान उर्फ लकी, डा. शब्बन, मो. आसिफ, मौलाना सलीम, कामरान, जुबैर आलम, मो. असलम, मो.अमन समेत बड़ी संख्या में व्यापारी मौजूद रहे।

### फोर्स ठहराने के लिए कोतवाल ने व्यवस्थाओं का लिया जायजा

**तिलहर, अमृत विचारः** लोकसभा चुनाव में पैरामिलिट्री, पुलिस एवं होमगार्ड बलों के ठहराने के लिए कोतवाल ने स्कूलों एवं धर्मशालाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने चुनाव आयोग के द्वारा जारी निर्देशों के अनुरूप व्यवस्थाओं को देखा।

कोतवाल विशाल प्रताप सिंह ने 13 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव को संपन्न कराने के लिए बाहर से आने वाली होमगार्ड, पुलिस एवं पैरामिलिट्री फोर्स के ठहरने के लिए नगर के कई स्कूलों एवं धर्मशालाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने स्कूलों एवं धर्मशाला में दैनिक दिनचर्या से संबंधित मूलभूत सुविधाओं की जानकारी ली। कई स्कूलों में पर्याप्त शौचालय तथा बाथरूम नहीं पाए गए। कोतवाल विशाल प्रताप सिंह ने बताया कि जिन स्कूलों में शौचालय की कमी है वहां पर अस्थाई शौचालय बनवाए जाएंगे। उन्होंने बताया कि लोकसभा चुनाव को लेकर पुलिस प्रशासन की ओर से सभी तैयारियां पूरी की जा रही है।

# लोकसभा और विधानसभा में 10-10 प्रत्याशी मैदान में

संवाददाता, शाहजहांपुर

- कलेक्ट्रेट में सुबह 11 से दोपहर 3 बजे तक हुई नाम वापसी प्रक्रिया, किसी ने भी वापस नहीं लिया नाम

लोकसभा और विधानसभा उपचुनाव के लिए हुई नाम वापसी में एक भी प्रत्याशी ने नाम वापस नहीं लिया। सभी दस-दस प्रत्याशी चुनाव मैदान में डटे हुए हैं। कलेक्ट्रेट में सुबह 11 से दोपहर 3 बजे के मध्य नाम वापसी प्रक्रिया किसी भी उम्मीदवार ने अपना पर्चा वापस नहीं लिया।

जनपद में 13 मई को वोटिंग के लिए चुनाव लड़ने वाले दलों व निर्दलीय प्रत्याशियों को सिंबल भी बांटे गए। लोकसभा में सपा की ज्योत्सना गौंड को चुनाव चिह्न साईकिल मिला। बीएसपी के दोदराम वर्मा (हाथी), भाजपा के अरुण कुमार (कमल), निर्दलीय प्रत्याशी शिवकुमार (अलमारी), रमेश चंद्र को (साबुनदानी), प्रदीप नि(स्टेथोस्कोप), निर्दलीय सपा प्रत्याशी राजेश कश्यप की पत्नी मीना को (एसी), धर्मपाल (कैंची), किरन को (हीरा) व प्रेमचन्द्र सरदार पटेल को (कटहल) चुनाव चिन्ह मिला है। उपचुनाव ददरौल में सपा के अवधेश कुमार वर्मा को साइकिल चुनाव चिह्न मिला है। भाजपा के अरविंद सिंह को कमल, बसपा सर्वेश चंद्र मिश्रा (हाथी), नेताजी सुभाषचंद्र बोस आजाद पार्टी स्वयं प्रकाश कौशल(आटो-रिक्शा), राष्ट्रीय महान गणतंत्र पार्टी रामपाल (आदमी व पाल युक्त नौका) निर्दलीय प्रत्याशी आराधना मिश्रा(बक्शा), अजीत (कैमरा), कंचन (कैरम बोर्ड), दवेश कुमार (बल्ला), राशिद खान(बैटरी टार्च) चुनाव चिन्ह मिला।

> लोकसभा व उपचुनाव के लिए जो भी प्रत्याशी मैदान में है, उनको सिंबल वितरण कर दिए गए हैं। साथ ही इन लोगों की एक बैठक 30 अप्रैल को कलेक्ट्रेट में आब्जर्वरों के साथ बुलाई गई है।- संजय कुमार पांडेय, उप जिला निर्वाचन अधिकारी/एडीएम प्रशासन

# कर्ज से तंग राजमिस्त्री ने जहर खाकर जान दी

संवाददाता, जलालाबाद

**अमृत विचारः** कर्ज से तंग अधेड़ ने जहर खाकर आत्महत्या कर ली। पिता ने कुछ रिकवरी एजेंट पर कर्ज वसूली के नाम पर परेशान करने का आरोप लगाया है। परिजनों ने एक भवन स्वामी पर मकान बनवा कर पैसे न देने का भी आरोप लगाया है। पुलिस आरोपों की जांच कर रही है।

क्षेत्र के गांव सुल्तानपर निवासी इरशाद (40) के पिता तसब्बर ने बताया कि इरशाद राजमिस्त्री का काम करता था। इरशाद ने समूह के जरिये कर्ज ले रखा था। उसकी किस्तें टूट गई थीं। रिकवरी एजेंट पैसा वसूलने के लिए परेशान करते थे। दूसरी ओर इरशाद ने एक व्यक्ति का मकान बनाया था, लेकिन मकान बनवाने वाला पैसे नहीं दे रहा था। इसको लेकर कई बार विवाद हो चुका था। मकान स्वामी ने इरशाद से अभद्रता भी की थी। जिससे परेशान होकर इरशाद ने जहर खा लिया। आनन-फानन में परिवार वाले उसे अस्पताल ले गए। जहां डॉक्टर ने हालत गंभीर देख जिला अस्पताल रेफर किया लेकिन कर दिया। जिला अस्पताल ले जाते समय रास्ते में इरशाद की मौत हो गई। मृतक अपने पीछे पत्नी आसमा, चार बेटे और दो बेटी को छोड़ गया है।

### पत्नी से कहासुनी पर पति ने जहरीला पदार्थ खाया



**बंडा, अमृत विचार** : पत्नी से मामूली कहासुनी के बाद पति ने जहरीला पदार्थ खा लिया। आनन-फानन में परिजन गंभीर हालत में लेकर उसे बंडा के सरकारी अस्पताल पहुंचे और भर्ती कराया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराने की बात कही। लेकिन परिजन इंकार करने लगे। कहासुनी के बाद पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बंडा के मोहल्ला धर्मापुर निवासी 33 वर्षीय सोनपाल अपनी तीन बेटियों के साथ अपने घर में रहकर मेहनत मजदूरी करता था। शनिवार को वह अपने बच्चों को साथ लेकर अपनी ससुराल गया था। रविवार को वह बच्चों व पत्नी को साथ लेकर बंडा वापस आ रहा था। रास्ते में उसकी अपनी पत्नी फूल देवी से कुछ कहासुनी हो गई। जिसके बाद वह उसे रास्ते में ही छोड़कर अपने घर आ गया। घर आकर उसने शराब पी और जहर खा लिया। जब परिवार के लोगों को इसकी जानकारी लगी तो उन्होंने उसे बंडा के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। उसकी मौत से घर में कोहराम मच गया।



शिव इन्टरप्राईजेज फोम एण्ड प्लाई

गद्दे, सोफे का सामान, पर्दे, प्लाई बोर्ड, दरवाजे, सनमाइका
हार्डवेयर, फर्नीचर
सिकलापुर, बरेली
9897245877


## भीषण गर्मी में इधर-उधर भटक रहे लोग, प्यास बुझाने वाले साधनों के हलक सूखे फिर भी नगर पंचायत प्रशासन कर रहा नजरअंदाज

# कैसे बुझे प्यास! ईओ के पास फुर्सत नहीं...हैंडपंप व वाटर कूलर पड़े हैं खराब

**संवाददाता, खुटार**

**अमृत विचारः** नगर में मुख्य स्थानों पर लगे वाटर कूलर और हैडपंपों की हालत कई महीनों से खस्ताहाल है। नगर पंचायत प्रशासन की ओर से नजरअंदाज रवैया अपनाया जा रहा है, जिस कारण पानी देने वाले साधन जर्जर हालत में पहुंच गए हैं। इस मामले में अधिशासी अधिकारी सत्येंद्र प्रकाश लगातार आश्वासन दे रहे हैं कि जल्द ही वाटर कूलर और हैडपंप को सही करा दिया जाएगा। नतीजतन केवल आश्वासन ही मिला है। इससे राहगीरों और दुकानदारों को पानी की तलाश में इधर-उधर भटकना पड़ता है या फिर दुकानों से बीस रुपये की कीमत की बोतल खरीद कर अपनी प्यास बुझाने को मजबूर हैं।

खुटार के मुख्य बंडा चौराहा, बगियानाथ मंदिर, देवीस्थान मंदिर परिसर में वाटर कूलर लगाया गया था। इसमें लाखों रुपये खर्च हुए थे। यहां पर भारी संख्या में लोग आकर पानी पीकर अपनी प्यास बुझाते थे। लेकिन कई महीनो से वाटर कूलर खराब है और खुद के हलक सूखे हुए हैं। इससे लोगों की प्यास कैसे बुझ सकेगी यह बड़ा सवाल है। लोगों ने इसकी जानकारी नगर पंचायत प्रशासन को दी। तो आश्वासन दिया गया कि मैकेनिक को बुलाकर सही कराया जाएगा। जबकि अधिशासी अधिकारी सत्येंद्र प्रकाश दो बार आश्वासन दे चुके हैं। लेकिन अभी तक कोई सुधार नहीं हो पाया है। उधर, नगर के कई स्थानों पर लगे हैंडपम्प भी दम तोड़ चुके है। तो किसी का आधा हिस्सा ही गायब है। इस पर भी ईओ सतेंद्र प्रकाश का ध्यान नहीं गया।


बाबा बगियानाथ मंदिर परिसर के गेट पर खराब पड़ा वाटर कूलर


मोहल्ला रायटोला में खराब पड़ा हैंडपंप

मैकेनिक को वाटर कूलरों का कुछ सामान नहीं मिल पाने के कारण वाटर कूलर नहीं सही हो पाए हैं। सामान मंगाकर जल्द ही पेयजल व्यवस्था दुरुस्त कराई जाएगी।
–सतेंद्र प्रकाश, ईओ नगर पंचायत खुटार

### लोग बोले-गर्मी में ठंडा पानी तक नसीब नहीं


मुख्य खुटार बंडा चौराहा पर वाटर कूलर लगा है। यहां हर वक्त भारी भीड़ रहती है। आने जाने वाले लोग खरीदारी करने के दौरान रुककर पानी पीते थे लेकिन वाटर कूलर कई माह से खराब पड़ा है। जिसे अभी तक नपा प्रशासन ने सही नहीं कराया है। इससे लोगों को गर्मी में पानी की दिक्कत हो रही है। –सचिन मिश्रा


खुटार के मोहल्ला बगियानाथ मंदिर परिसर में वाटर कूलर कई महीनों से खराब पड़ा हुआ है। जिम्मेदार अंजान बने हैं। मंदिर में पूजा अर्चना करने को पूर्वी गढ़ी, लखपेड़ा, कोट, गांधीनगर, पटवा वार्ड से भारी संख्या में श्रद्धालु आते हैं लेकिन गर्मी के मौसम में ठंडा पानी पीने को नसीब नहीं हो रहा है। –कमल दीक्षित

## एक नजर

### अफीम के साथ तीन तस्कर गिरफ्तार

**कांट, अमृत विचार :** पुलिस ने तीन मादक पदार्थ तस्करों को गिरफ्तार कर लिया। इनसे दो किलो अफीम तथा एक कार बरामद की है। प्रभारी निरीक्षक दया शंकर सिंह ने बताया कि सोमवार को दिन में दो बजे सूचना मिली कि नहर कोठी पुलिया के निकट तीन मादक पदार्थ तस्कर खड़े है और किसी का इंतजार कर रहे है। उन्होंने दबिश देकर तीनों मादक पदार्थ तस्करों को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए तस्कर सुखलाल निवासी हार गुरइया थाना जलालाबाद, अमलेश यादव निवासी रामपुर तथा विट्टू निवासी झरदाग जिला चतरा झारखंड है। पकड़े गए तस्कर झारखंड से अफीम लाकर यहां सप्लाई करते है। पुलिस ने तीनों तस्करों का चालान कर दिया। उप निरीक्षक देवेश कुमार, राजाराज पाल, भूपेंद्र सिंह आदि थे।

### दिवंगत शिक्षक के परिवार को बंधाया ढांढस

**जैतीपुर।** विद्यालय अमईपुर संडा में कार्यरत शिक्षक विशेष कुमार की बीते सप्ताह एक सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो गयी थी। टीचर्स सेल्फ केयर टीम के सदस्य विशेष कुमार के अमरोहा स्थित गांव पहुंचे और परिवार में उनके दोनों बेटों व उनकी धर्मपत्नी सहित अन्य परिजनों से मिलकर उनके दुख में शामिल होकर हर संभव मदद देने का आश्वासन दिया। ब्लॉक संरक्षक हरवीर सिंह ने परिवार को हर तरह की मदद के लिए आश्वास्त करते हुए दोनों बच्चों को पिता के न रहने पर अपने माता और परिवार को संभालते हुए पढ़ाई जारी रखने के लिए मार्गदर्शन दिया। टीम में संरक्षक हरवीर सिंह, अध्यक्ष शशांक गुप्ता, मंत्री सुनील यादव, मीडिया प्रभारी नरेंद्र जायसवाल, सहित टीम प्रभारी सुरजीत सक्सेना, राम औतार यादव, सुरेश पाल आदि शिक्षक शामिल थे।

### मारपीट का आरोपी तमंचा के साथ गिरफ्तार

**रौसरकोठी।** रामचंद्र मिशन थाना क्षेत्र के गांव बाडीगांव के फिरासत अली ने 23 अप्रैल को गांव के कामरान खां, शाहिल, मुजीब तथा शारुख के खिलाफ मारपीट आदि की धारा में रिपोर्ट दर्ज करायी थी। आरोपियों ने जान से मारने की धमकी देते हुए हवाई फायर किए थे। सभी आरोपी फरार चल रहे थे। पुलिस ने सोमवार को दिन में दो बजे वाडीगांव के बाहर कामरान को तमंचा समेत गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसका चालान कर दिया।

# सड़क हादसों में अधिवक्ता समेत पांच लोगों की मौत

## कटरा-जलालाबाद मार्ग पर अज्ञात वाहन ने वकील की बाइक रौंदी, कांट रोड पर कार की चपेट में आए दो बाइक सवार

**कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर**

- शहर में इस्लामिया इंटर कॉलेज के पास सड़क पार करते समय टैंपो की चपेट में आया युवक
- पुलिस ने मृतकों का कराया पोस्टमार्टम, रविवार सुबह से देर रात के बीच हुईं सभी दुर्घटनाएं

**अमृत विचारः** जिले में अलग-अलग स्थानों पर हुई दुर्घटनाओं में वकील समेत पांच लोगों की मौत हो गई। एक घायल को मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया है।रविवार अपराहन कटरा-जलालाबाद मार्ग पर खैरपुर चौराहे पर अज्ञात वाहन ने वकील की बाइक को टक्कर मार दी, जिससे वह घायल हो गए।


मृतक देवेंद्र (फाइल फोटो)

मेडिकल कालेज में इलाज के दौरान रात नौ बजे उनकी मौत हो गई। वहीं कांट रोड पर पिपरौला गांव के सामने कार ने बाइक को साइड से टक्कर मार दी, जिसमें बाइक सवार दो लोग घायल हो गए। घायलों में एक व्यक्ति ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। शहर में रविवार रात नौ बजे इस्लामिया इंटर कालेज के पास सड़क पार करते समय टैंपो ने उसे टक्कर मार दी। उसकी मेडिकल कालेज में इलाज के दौरान मौत हो गई। उधर, बंडा के गांव कंधरपुर निवासी दो युवकों की पूरनपुर क्षेत्र में हुए हादसे में मौत हो गई। जलालाबाद थाना क्षेत्र के मोहल्ला कानून गोयान निवासी 35 वर्षीय देवेंद्र पांडेय फर्रुखाबाद कचहरी में वकालत कर रहे थे। वह फर्रुखाबाद से अपने घर आए हुए थे। रविवार को दिन में तीन बजे देवेंद्र बाइक से कटरा किसी कार्य से जा रहे थे। खैरपुर चौराहे पर अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी, जिससे वकील घायल हो गए। घायल को सीएचसी से राजकीय मेडिकल कालेज रेफर कर दिया। जहां इलाज के दौरान रात नौ बजे उनकी मौत हो गई। प्रभारी निरीक्षक गौरव त्यागी ने बताया कि मृतक के परिवार वालों की तरफ से कोई तहरीर नहीं आई है। उसकी पत्नी का नाम आराधना है और एक बेटा रितुराज पांडेय है।

कांट थाना क्षेत्र के गांव बखिया निवासी 50 वर्षीय गिरवर लाल जमौर क्षेत्र में एक मिल में चौकीदार करते थे। वह रविवार को तिलहर थाना क्षेत्र के गांव बिहारीपुर मुड़िया में अपनी ससुराल गए थे। शाम 7:30 बजे तिलहर से कांट टेंपो से लौट रहे थे। इसी दौरान मिल से कर्मचारी अशोक ने उनको फोन किया और पूछा कि कहां हो। मैनेजर बुला रहे हैं। वह रास्ते में टेंपो से उतरकर कर्मचारी अशोक की बाइक पर बैठकर मिल जा रहे थे।पिपरौला गांव के सामने कार ने बाइक को साइड से टक्कर मार दी, जिससे दोनों लोग घायल हो गए। चालक कार लेकर भाग गया। दोनों घायलों को मेडिकल कालेज लाया गया। जहां इलाज के दौरान गिरवर की मौत हो गई। उसकी पत्नी का नाम लीलावती है और आठ बच्चे है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

शहर की चौक कोतवाली के मोहल्ला मसीतगंज निवासी 48 वर्षीय राकेश कुमार जेल रोड पर एक गली में फर्नीचर की दुकान में काम करता था। रविवार रात नौ बजे काम करके इस्लामिया इंटर कालेज तिराहे की तरफ सड़क पार करते समय टेंपो ने उसे टक्कर मार दी। जिससे वह घायल हो गया। चालक टेंपो लेकर भाग गया। घायल राकेश को मेडिकल कालेज लाया गया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। उसकी पत्नी का नाम रचना है और दो बच्चे हैं।

### गए थे शादी में शामिल होने, मौत की खबर से मचा कोहराम

बंडा। गांव कंधरपुर निवासी प्रेमपाल का 19 वर्षीय पुत्र विशाल जनपद पीलीभीत के थाना बिलसंडा के गांव खजुरिया निवासी ममेरे भाई रवि के साथ रविवार को बंडा थाना क्षेत्र के गांव वैवहा में अपने मौसेरे भाई की शादी में शामिल होने बाइक से गया था। उसकी बरात घुघचिहाई थाना क्षेत्र के गोपालपुर में रविवार को दिन में गई थी। बरात में शामिल होने के बाद विशाल व रवि अपने रिश्तेदारी गांव बैवहा पहुंच गए। जिसके बाद फिर दोबारा दोनों किसी काम से थाना घुघचिहाई की चौकी बलरामपुर के गांव गुलड़िया भूपसिंह गए हुए थे। वापस लौटते समय ईंट भट्ठे के समीप अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को पीलीभीत के पूरनपुर के सरकारी अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सक ने दोनो को मृत घोषित कर दिया। दोनों के शवों का पोस्टमार्टम कराया। इधर दोनों की मौत की खबर गांव कंधरपुर पहुंची तो परिवार में कोहराम मच गया। मृतक के परिजनों ने बताया कि विशाल की अभी कुछ दिन पूर्व ही थाना पूरनपुर के गांव सवलापुर में शादी तय हुई थी, जो इसी वर्ष होनी थी।

# हज यात्रा पर जाने से पहले टीकाकरण, प्रशिक्षण भी दिया

**कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर**



मदरसा नूरुल हुदा में हज जाने वालों का टीकाकरण करते स्वास्थ्य विभाग के सदस्य।

- मदरसा नूरुल हुदा में चले कार्यक्रम में बड़ी संख्या में शामिल हुए हज यात्रा पर जाने वाले लोग

**अमृत विचारः** उत्तर प्रदेश राज्य हज समिति के निर्देश पर बिजलीपुरा स्थित मदरसा नुरुल हुदा में कैंप लगाकर हज यात्रा जाने वाले आजमीनों का स्वास्थ्य परीक्षण कर टीकाकरण किया गया। इस मौके पर आजमीनों को हज यात्रा के बारे में उपयोगी जानकारी भी दी गई। प्रशिक्षण एवं टीकाकरण केंद्र का आगाज तिलावते कुरान से किया गया। चिकित्सा अधिकारी डॉ. आलोक कुमार सिंह ने टीम के सदस्यों के साथ स्वास्थ्य परीक्षण कर हज यात्रा पर जाने वालों का टीकाकरण किया। इसके बाद मदरसा दीनियत तालीमुल कुरान तिलहर के प्रधानाचार्य मोहम्मद आमिर खां ने हज कमेटी आफ इंडिया द्वारा दिए गए दिशा निर्देशों के बारे में सभी को अवगत कराया और हज यात्रा के दौरान उनका पालन करने को प्रेरित किया। साथ ही आजमीन को हज सुविधा ऐप भी डाउनलोड कराया गया। इसी क्रम में ट्रेनर इफ्तिखार अहमद ने हज अदा करने की विस्तृत जानकारी दी। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी मोहम्मद खालिद की देखरेख में चले कार्यक्रम में प्रधानाचार्य इकबाल हुसैन उर्फ फूल मियां ने आभार व्यक्त किया। प्रशिक्षण में मौलाना वारिस खां, हाजी रिजवान खां, इजहार हसन, साजिद अली खां, ममनून खां, सैयद शारिक अली, शारिक अली खां मोइन खां, जियाउद्दीन अंसारी आदि का सहयोग रहा।

# मलिन बस्ती में जगा रहे शिक्षा की अलख

**कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर**

- मानवता वेलफेयर सोसाइटी के अभियान से जुड़े तमाम बच्चे
- मानवता की पाठशाला में बच्चों ने बढ़ चढ़कर लिया हिस्सा

**अमृत विचारः** सेवाभाव में जुटी मानवता वेलफेयर सोसाइटी के बैनर तले मलिन बस्ती में रहने वाले बच्चों के लिए सोमवार से मानवता की पाठशाला शुरू कर दी गई। यहां बस्ती के बच्चों को निशुल्क कोचिंग दी जाएगी। सोसाइटी संस्थापक अमित श्रीवास्तव ने बताया उनकी टीम पिछले तीन वर्षों से मलिन बस्तियों में रहने वाले बच्चों में शिक्षा की अलख जगाने का कार्य कर रही है।

अभियान का उद्देश्य शिक्षा का अधिकार के तहत सभी बच्चों को शिक्षा दिलाई जा सके। इसी क्रम में इस बार भी पिछले दिनों बूचड़ी क्षेत्र में रहने वाले बच्चों को चिन्हित कर उनके नाम अलग-अलग स्कूलों में लिखवाए गए थे। मानवता की पाठशाला में मलिन बस्तियों के चिन्हित 60 बच्चों को निशुल्क पढ़ाने का काम किया जाएगा। उन्होंने बताया कि सोसाइटी सदस्य अर्चना वर्मा प्रतिदिन दो घंटे बच्चों को शिक्षा ग्रहण कराएंगी। इन बच्चों को कॉपी-किताबों के साथ स्टेशनरी भी उपलब्ध कराई गई है। उन्होंने बच्चों एवं उनके अभिभावकों को नशे एवं जुए से दूर रहने की शपथ दिलाई। अंत मे सभी बच्चों को पेन, पेंसिल, रबर, कापी प्रदान की गई।

अभियान में नीरा श्रीवास्तव, अभिषेक कुमार राना, आकाश सक्सेना, अमन राज, फारिया आरिफ, रिया शुक्ला, अंकिता वर्मा, सिमरन मेहरा, नेहा सिंह शुभम आदि सदस्यों का सहयोग रहा।


मलिन बस्ती में निशुल्क कोचिंग के लिए चिन्हित बच्चों को स्टेशनरी देते सदस्य।

# मालिक के हिसाब मांगने पर चालक ने कर्मचारी को पीटा

**शाहजहांपुर, अमृत विचारः** कटरा थाना क्षेत्र के गांव फीलनगर के इरशाद ने बताया फीलनगर मोड़ पर उसका गद्दे का गोदाम है। वह चालक को खर्चा देता है और चालक लौटकर हिसाब देता है। 25 अप्रैल को चालक नफीस कटरा क्षेत्र में माल लेकर पिकअप से डिलीवरी करने को गया। चालक को डीजल आदि खर्च के लिए 25 हजार रुपये दिए।

26 अप्रैल की शाम चालक पिकअप लेकर वापस आया तो हिसाब मांगा। इस पर उसने हिसाब देने से इंकार कर दिया और गाली देते हुए घर चला गया। आरोप है करीब आधा घंटा बाद चालक साथियों के साथ आया और कर्मचारी प्रदीप यादव को पीटकर घायल कर दिया। प्रभारी निरीक्षक गौरव त्यागी ने बताया कि चालक नफीस, मोहिद, रिजवान, हसीब, फैजान के खिलाफ मारपीट आदि की धारा में रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# एसएसटी टीम पर डीसीएम चढ़ाकर जान लेने की कोशिश

**कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर**

- मौके से डीसीएम लेकर भाग रहे चालक को पुलिस टीम ने दबोचा, टीम प्रभारी ने दर्ज कराई रिपोर्ट
- डीसीएम में भरे हुए थे दो कंपनियों के ट्रैक्टर के पार्ट्स, पक्के बिल भी नहीं दिखा सका चालक

चेकिंग टीम प्रभारी सहायक अध्यापक की तहरीर पर डीसीएम चालक लखवीर सिंह के खिलाफ हत्या के प्रयास की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। आरोपी चालक का चालान कर दिया गया है। –हरिपाल सिंह बालियान, प्रभारी निरीक्षक, जलालाबाद

**अमृत विचारः** लोकसभा चुनाव निष्पक्ष और शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए वाहनों की चेकिंग को गठित स्टेटिक सर्विलांस टीम (एसएसटी) पर रविवार रात जलालाबाद याकूबपुर चौराहे पर चालक ने डीसीएम चढ़ाकर जान से मारने का प्रयास किया। पुलिस ने भाग रहे डीसीएम चालक को पकड़ लिया। टीम के प्रभारी की तहरीर पर पुलिस ने चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

चुनाव में नकदी और शराब समेत अन्य आपत्तिजनक वस्तुओं की तलाश के लिए एसएसटी का गठन कर चेकिंग ड्यूटी लगाई है। 28 अप्रैल की रात एसएसटी टीम के प्रभारी चांदापुर राजकीय इंटर कॉलेज के सहायक अध्यापक वीरेंद्र सिंह सिपाही आमिर हसन, राजकुमार, अश्वनी कुमार और फोटोग्राफर परशुराम सिंह के साथ याकूबपुर चौराहे पर 11 बजे से वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान जलालाबाद प्रभारी निरीक्षक सिपाहियों के साथ रात करीब 12 बजे याकूबपुर चौराहे पहुंचे तभी मीरानपुर कटरा की तरफ से डीसीएम आते हुए दिखाई दी, जिसके चालक को टार्च की रोशनी का इशारा कर वाहन रोकने के लिए कहा लेकिन उसने वाहन की गति को बढ़ाते हुए सहायक अध्यापक और उनकी टीम पर डीसीएम चढ़ाकर जान से मारने का प्रयास किया।

टीम के लोगों ने इधर-उधर भागकर जान बचाई। इसके बाद चालक डीसीएम लेकर आगे निकल गया। पुलिस टीम ने पीछा करके डीसीएम को थाना गेट पर रोक लिया। उसमें मौजूद चालक उत्तराखंड के जनपद ऊधमसिंह नगर के थाना रूद्रपुर की शांति बिहार कॉलोनी निवासी लखवीर सिंह को हिरासत में ले लिया गया और डीएम को कब्जे में लेकर उसकी तलाशी ली गई। जिसमें आयशर तथा महेंद्रा टैक्टर के पार्ट्स भरे हुए थे। पुलिस ने पार्ट्स के बिल चेक किए तो पक्के बिल नहीं थे। पुलिस ने चेकिंग टीम के प्रभारी सहायक अध्यापक की तहरीर पर डीसीएम चालक के खिलाफ हत्या का प्रयास धारा में रिपोर्ट दर्ज कर ली।

**लोकसभा चुनाव**

## भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उपलब्धियां गिनाकर कार्यकर्ताओं में भरा जमकर जोश

# चार सौ पार में शाहजहांपुर की भी होगी एक सीट : दुष्यंत

**कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर**

**अमृत विचारः** भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री दुष्यंत कुमार गौतम ने पार्टी कार्यालय पर लोकसभा संचालन समिति के साथ बैठक की। इसके बाद उन्होंने मिश्रीपुर स्थित एक मैरिज लॉन में अनुसूचित वर्ग के प्रबुद्ध सम्मेलन को भी संबोधित किया। राष्ट्रीय महामंत्री ने दावा किया कि इस बार चार सौ पार के नारे को सार्थक करते हुए शाहजहांपुर लोकसभा की भी सीट शामिल होगी।

बीजेपी प्रत्याशी अरुण कुमार सागर को रिकॉर्ड मतों से विजयी बनाने की बुनियाद कार्यकर्ताओं ने रख दी है। कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने डॉ. भीम राव आंबेडकर के संविधान के अनुरूप उनके सपनों भारत का बनाने का काम किया है। भारत के संविधान निर्माता को भारत रत्न देने का पुनीत कार्य भी भाजपा ने किया। उन्होंने लोकसभा चुनाव संबंधी दायित्वों की भी बिंदुबार समीक्षा कर मतदान तिथि तक आवश्यक कार्य के टिप्स कार्यकर्ताओं को दिए। प्रत्याशी सांसद अरुण कुमार सागर ने कहा कि पांच साल के कार्यकाल में उनके ऊपर एक भी आरोप नहीं लगा। वह पूरी ईमानदारी से कार्य करते रहे और जनहित के तमाम कार्य कराए। इस मौके पर लोकसभा प्रभारी रामगोपाल मिश्र, जिलाध्यक्ष केसी मिश्र, महानगर अध्यक्ष शिल्पी गुप्ता, डीसीबी चेयरमैन डीपीएस राठौर, एमएलसी डॉ. सुधीर गुप्ता, लोकसभा संयोजक अरुण गुप्ता, विधायक चेतराम पासी, पूर्व विधायक शरदवीर सिंह, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष वीरेंद्र पाल सिंह यादव, चंद्रशेखर खन्ना धीरू, अजय यादव, उपेंद्र पाल सिंह, विनय अग्रवाल, रमाकांत मिश्रा, पवन सिंह, सुरेंद्र नाथ वाल्मीकि, राम बरन सिंह चंदेल, अनिल गुप्ता, क्षमा वर्मा, रजनी भानु सिंह, नीतू गुप्ता, माधवी सक्सेना समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।



भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री दुष्यंत कुमार गौतम के साथ एकता का संदेश देते भाजपाई। ● अमृत विचार

### प्रत्येक लोकसभा क्षेत्र में होगा महिला सम्मेलन

**अल्हागंज।** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर प्रधानमंत्री के विजन और मिशन को पूरा करने के लिए प्रत्येक लोकसभा क्षेत्र में महिला सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें नारी शक्ति पर पूरा फोकस होगा। यह बात राज्यसभा सांसद व भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष गीता शाक्य ने कही। नगर अल्हागंज में क्षेत्रीय महामंत्री चंद्रेश गुप्ता के आवास पर उनका स्वागत हुआ। इस मौके परकृष्ण चंद्र मिश्र, लोकसभा प्रभारी रामगोपाल मिश्र, लोकसभा संयोजक अरुण गुप्ता, क्षेत्रीय अध्यक्ष मधुलिका राघव, जिला महामंत्री अनिल गुप्ता, चेयरमैन शिवानी वर्मा आदि रहे।

# एचडीएफसी बैंक के कर्मचारी के खिलाफ दर्ज हुआ मुकदमा

**शाहजहांपुर।** सदर बाजार थाना क्षेत्र के मोहल्ला टाउनहाल रोड के अमितोज सिंह माटा ने बताया कि वह सुमित्रा डीएस मोटर्स नेकसा का संचालन करता है। 15 अप्रैल को दिन में 11 बजे एचडीएफसी बैंक शाखा टाउनहाल के कर्मचारी अरविंद सिंह से कारों की बिक्री के संबंध में पे आउट की जानकारी करने गया था। कर्मचारी ने उसके सवाल का जवाब न देकर भड़क गए। कर्मचारी अरविंद सिंह ने अपने साथियों को बुला लिया। आरोप है कि कर्मचारी और उसके साथी गाली देते हुए अमितोज सिंह से हाथापाई करने लगे। इसमें उसके हाथ से सोने की अंगूठी बैंक में गिर गई। आरोपियों ने उसे जान से मारने की धमकी दी। उन्होंने बैंक परिसर में अंगूठी की तलाश की, जो नहीं मिली। प्रभारी निरीक्षक रवीन्द्र सिंह ने बताया कि बैंक कर्मचारी अरविंद सिंह और दो अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

# मंडलीय अधिकारी ने समझाई स्काउट-गाइड की महत्ता

**कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर**


एसएस कालेज में डीएलएड प्रशिक्षुओं को स्काउट-गाइड का प्रशिक्षण देते करुण पांडेय।

- एसएस कालेज में डीएलएड प्रशिक्षुओं के स्काउट-गाइड शिविर का चौथा दिन

**अमृत विचारः** एसएस कॉलेज के चल रहे डीएलएड प्रशिक्षुओं का पांच दिवसीय स्काउट गाइड शिविर चौथे दिन जारी रहा। इस अवसर पर सहायक प्रादेशिक कमिश्नर नेहा सिंह ने स्काउट-गाइड की महत्ता पर प्रकाश डाला। सहायक प्रादेशिक संगठन कमिश्नर नेहा सिंह ने कहा कि जब कोई व्यक्ति अपने स्वास्थ्य पर नियंत्रण रखता है, तो वह एक सफल जीवन का रहस्य खोलता है। एक स्वस्थ व्यक्ति कार्य करने और उत्पादक बनने के लिए हमेशा तैयार रहता है। संतुलित आहार, पर्याप्त नींद और नियमित व्यायाम स्वस्थ जीवन शैली की कुंजी है। बीपी-6 के तहत इन्हीं बातों को ध्यान में रखकर व्यायाम कराया जाता है। इस अवसर पर प्रशिक्षक करुण कुमार पांडेय ने पायनियरिंग प्रोजेक्ट के प्रशिक्षण के अंतर्गत तंबू निर्माण, घाट पास प्रबंधन आदि का अभ्यास कराया। शाम को डीएलएड प्रशिक्षुओं ने कैंप फायर से मनोरंजन किया। डीएलएड प्रभारी डॉ. मनोज कुमार मिश्र ने आभार व्यक्त किया। गौरव शर्मा, अभिषेक बाजपेई, शैलेंद्र कुमार द्विवेदी, सर्वोत्तम शर्मा, अमिता रस्तोगी, शिवानी भारद्वाज, प्रतिभा शर्मा, रचना रस्तोगी, जय सिंह आदि का सहयोग रहा।

OAKWOOD WORLD SCHOOL
A GROUP OF CHANGE · TRANSFORMING LIVES.... REALIZING POSSIBILITIES
OAKWOOD WORLD SCHOOL
CO-ED ENGLISH MEDIUM SCHOOL
ADD:- BANDA POWAYAN ROAD NEAR BASANTPUR GURUDWARA RAMPUR HEERA, BANDA (SPN)
ADMISSION OPEN
FOR NEW SESSION CLASSES P.G. TO ONWARD
Powered By: Shri Anil Sudha Educational Trust
LUSH GREEN NATURAL CAMPUS ABODE OF PEACE
HURRY UP! Limited Seats Available

शिक्षा के क्षेत्र में एक विश्वसनीय नाम
आलोक मिश्रा
All Routes in 25 Km. Radius from School
TRANSPORT FACILITY AVAILABLE
Contact Us:- 7237964808 9235033696
E-mail: oakwoodworldsschoolnew@gmail.com
visit us at: oakwoodworldschool.co.in


## आध्यात्मिक चेतना के संवाहक महात्मा रामचंद्र महाराज की आज मनाई जाएगी 125वीं जयंती

# 160 देशों में बाबू जी ने जगाई आध्यात्मिक चेतना की अलख

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** पूरे विश्व में आध्यात्मिक चेतना के संवाहक महात्मा रामचंद्र महाराज की 125वीं जयंती मंगलवार को मनाई जाएगी। जन्म शताब्दी वर्ष के कार्यक्रमों की श्रृंखला का शुभारंभ नवंबर 2023 में श्री रामचंद्र मिशन के वैश्विक मुख्यालय कान्हा शांतिवनम हैदराबाद में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया था। श्री रामचन्द्र मिशन के संस्थापक के रूप में विख्यात हुए महात्मा रामचंद्र महाराज (बाबूजी) का जन्म 30 अप्रैल 1899 को शाहजहांपुर के मोहल्ला दीवान जोगराज में हुआ था। बाबू जी के पिता वकील और प्रसिद्ध विद्वान थे, जिन्होंने रामचन्द्र को अंग्रेजी, उर्दू और फारसी का ज्ञान दिलाया। बाबूजी का जीवन एक साधारण गृहस्थ का था, लेकिन उन्होंने घर और परिवार को आध्यात्मिकता से जोड़ने का काम किया। हिंदू धर्म में उपलब्ध भक्ति के रूपों और प्राणायाम जैसे कुछ योगिक प्रथाओं के साथ प्रयोग किया। जून 1922 में 20 वर्ष की उम्र में, वह अपने आध्यात्मिक गुरू

● सन् 1945 में मोहल्ला दीवान जोगराज में की थी रामचंद्र मिशन की स्थापना


महात्मा रामचंद्र महाराज

महात्मा रामचन्द्र महाराज (लालाजी) से मिले, जो फतेहगढ़ के निवासी थे। लालाजी की आध्यात्मिक विरासत को आगे बढ़ाना बाबूजी के जीवन का एक मात्र लक्ष्य बन गया है। वर्ष 1945 में बाबूजी ने अपने गुरू के सम्मान में श्री रामचन्द्र मिशन की स्थापना की और 1972 में उन्होंने भारत के बाहर के देशों में सहज मार्ग साधना पद्धति का प्रचार शुरू कर दिया। बाबूजी ने अपने जीवन को मानवता के आध्यात्मिक उत्थान के लिए समर्पित किया, 19 अप्रैल 1983 में 83 वर्ष की आयु में ब्रह्मलीन हो गए। बाबू जी महाराज के ब्रह्मलीन होने के उपरान्त उनके आध्यात्मिक उत्तराधिकारी पार्थ सारथी राजगोपालाचारी ने श्री रामचन्द्र मिशन के अध्यक्ष और आध्यात्मिक गुरू के रूप में कार्य करना शुरू किया। उन्हें लोग प्यार से चारी जी भी कहते थे।

### विश्व में सहजमार्ग साधना पद्धति के लिए कई अद्भुत कार्य

शाहजहांपुर की एक छोटी सी गली से निकलकर श्री रामचन्द्र मिशन आज विश्व के 160 से अधिक देशों में मानव के कल्याण के लिए काम कर रहा है। करीब सात दशक पूर्व महात्मा श्री रामचन्द्र जी महाराज ने सहजमार्ग साधना पद्धति का जो बीज रोपा था वह आज एक वटवृक्ष बन चुका है। जिसकी छत्रछाया में विश्व के लाखों लोग ध्यान के माध्यम से ईश्वरीय साक्षात्कार के लिए सतत प्रयासरत हैं। श्रीरामचन्द्र मिशन संयुक्त राष्ट्र लोक सूचना विभाग द्वारा डेनमार्क, संयुक्त राष्ट्र अमेरिका और भारत में गैर लाभकारी संगठन के रूप में मान्यता प्राप्त है। फरवरी 2020 में तत्कालीन राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने श्रीरामचन्द्र मिशन के वैश्विक मुख्यालय कान्हा शांतिवनम में विश्व के सबसे बड़े ध्यान केंद्र का लोकार्पण किया। वर्तमान में श्री रामचन्द्र मिशन के अध्यक्ष कमलेश डी पटेल (दाजी) हार्टफुलनेस मेडीटेशन के माध्यम से सम्पूर्ण विश्व में आध्यात्मिकता प्रकाश फैला रहे हैं। मिशन के अध्यक्ष और हार्टफुलनेस मेडीटेशन के ग्लोबल गाइड कमलेश डी पटेल दाजी को कामनवेल्थ ने ग्लोबल एंबेसडर ऑफ पीस बिल्डिंग एंड फैथ की उपाधि से नवाजा। शताब्दी वर्ष में महानगर में गर्रा पुल-अजीजगंज तिराहा पर बाबू जी के नाम से दिव्य और भव्य सहज मार्ग जंक्शन के नाम से पार्क बनाया गया है, जिसमें उनकी दित्य प्रतिमा स्थापित की गई है।

### गरीब बेटी की शादी में की सहायता

**कुर्रिया कला।** सफल हिंदू शेर सेना के जिलाध्यक्ष संदीप अग्निहोत्री ने अपनी टीम के एक गरीब की बेटी की शादी कराने में मदद की और उपहार भी दिए। संगठन के निर्मल पाठक ने बताया कि कांट के मरहैया मोहल्ला निवासी एक महिला के पति की मृत्यु हो चुकी है। वह अपनी बिटिया की शादी करने की सक्षम नहीं हैं। इस बात की जानकारी होने पर संदीप ने अपनी टीम के साथ परिवार की सहमति से दहेज का लगभग सारे सामान की व्यवस्था की और रविवार शाम एक मैरिज लॉन से बड़ी धूमधाम से शादी कराई। शादी में विकास पाठक, शुभम मिश्र, राहुल भगव, अवनीश, सत्यम, राहुल पंडित, शोभित हिंदू, आकाश, रचित, रामनरेश, अपूर्वल आदि का सहयोग रहा।

Shri Ram Murti Smarak Goodlife Hospital
SRMS Goodlife A MULTI SPECIALITY HOSPITAL
आवश्यक जन–सूचना
मरीज से सम्बधित चिकित्सा रिकार्ड सामान्य डिस्चार्ज वर्ष 2021 से पहले (21-07-2018 से 31-12-2020) तक का नष्ट किया जाना प्रस्तावित है। यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो कृपया 15 दिनों (सूचना दिनाँक से) के अन्दर अवगत कराने का कष्ट करें।
आज्ञा से– चिकित्सा अधीक्षक


मेजबान चौराहा स्थित पार्क में लगी भामाशाह की मूर्ति। ● अमृत विचार


जयंती पर दानवीर भामाशाह को पुष्पांजलि अर्पित करते मुख्य अतिथि चंद्रशेखर खन्ना। ● अमृत विचार

# भुलाई नहीं जा सकती दानवीर भामाशाह की वीरता व राष्ट्रभक्ति

## अखिल भारतीय वैश्य समाज में मनाई दानवीर भामाशाह की जयंती


जयंती पर दानवीर भामाशाह को पुष्पांजलि अर्पित करते मुख्य अतिथि चंद्रशेखर खन्ना। ● अमृत विचार

संवाददाता, रोजा

**अमृत विचार:** अखिल भारतीय वैश्य समाज के तत्वावधान में मेजबान चौराहा स्थित पार्क में दानवीर भामाशाह की जयंती हर्षोल्लास से मनाई गई। इस अवसर पर समाज के लोगों ने पार्क की सफाई कर भामाशाह की मूर्ति पर माल्यार्पण किया।

गोष्ठी के माध्यम से भामाशाह के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डाला गया। इस मौके पर पार्क में पौध भी रोपित की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि समाजसेवी चंद्रशेखर खन्ना धीरू ने भामाशाह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया। मुख्य

● मेजबान चौराहा पार्क में भामाशाह की मूर्ति पर किया माल्यार्पण, पौध भी रोपे

अतिथि धीरू खन्ना ने दानवीर को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि यह देश भामाशाह जैसे वीरों और दानियों को कभी भुला नहीं सकता। उन्होंने मुगलों के विरुद्ध लड़ाई में मातृभूमि के लिए सर्वस्व समर्पण करने वाले भारतीय इतिहास के गौरवशाली अध्याय रहे महाराणा प्रताप के सैनिकों के लिए अपनी पूरी संपत्ति दान कर दी थी। विशिष्ट अतिथि पूर्व वैज्ञानिक डॉ. सुरेश चंद्र मिश्रा ने भामाशाह के योगदान की चर्चा कर उन्हें नमन किया। समाजसेवी एवं व्यापारी नेता वेदप्रकाश गुप्ता ने कहा कि वैश्य समाज में जागृति की आवश्यकता है। उपजातियों का जहर समाज को एकजुट नहीं होने दे रहा है। हमें अपनी मानसिकता में परिवर्तन लाने की आवश्यकता है। इससे पहले समाज के लोगों ने पार्क की सफाई कर पौध रोपित की। इस मौके पर भाजपा महानगर अध्यक्ष शिल्पी गुप्ता, अरुण गुप्ता, पूर्व चेयरमैन अजय कुमार गुप्ता, अनिल गुप्ता, पार्षद अरुण सिंह, अनूप गुप्ता, शरद कुमार सिंह, नवनीत सिंह, अनुज देव गुप्ता, अभिनय गुप्ता, नीतू गुप्ता, ज्योति गुप्ता, हेमा अग्रवाल, सारिका अग्रवाल, रजनी गुप्ता समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। संचालन अनिल गुप्ता ने किया।

सुपर स्पेशलिटी विभाग
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड अस्पताल
N.H.-24 बंथरा, शाहजहाँपुर द्वारा संचालित
शाहजहाँपुर में एक मात्र संस्थान जहाँ एक ही छत के नीचे सारे समाधान
अस्पताल में उपलब्ध सुपर स्पेशलिटी विभाग
यूरो सर्जरी विभाग
न्यूरो सर्जरी विभाग
पीडियाट्रिक सर्जरी विभाग
प्लास्टिक सर्जरी विभाग
OPD का समय- प्रातः 9:00 बजे से अपरान्ह 3:00 बजे तक
परामर्श शुल्क पर 80% की छूट ₹1000 ₹200
24 घंटे उपलब्ध सुविधायें I.C.U., M.R.I., CT-Scan की सुविधा उपलब्ध
दूरबीन विधि द्वारा ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध
• आयुष्मान भारत योजना के अन्तर्गत कार्ड धारकों के लिए भर्ती होने पर निःशुल्क इलाज की सुविधा।
• पं. दीन दयाल उपाध्याय राज्य कर्मचारी कैशलेस चिकित्सा योजना के अन्तर्गत मुफ्त इलाज की सुविधा।
• ई.सी.एच.एस. कार्डधारकों के लिये कैशलेस इलाज की सुविधा।
परिवार स्वास्थ्य कार्ड की सुविधा मात्र 200 रुपये में 1 वर्ष के लिये उपलब्ध है।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें :- 7521001988, 7521001989

वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ फार्मेसी
भारतीय भेषजी परिषद् (PCI) से मान्यता प्राप्त
डी.फार्म/बी.फार्म
यूपी स्टेट मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
डी एम एल टी / एक्स-रे
VARUN ARJUN MEDICAL COLLEGE & ROHILKHAND HOSPITAL VAMCRH SHAHJAHANPUR Excellence towards profession
सीधा प्रवेश
सत्र 2024-25
100% प्लेसमेंट
हम मेडिकल कॉलेज के सहयोग से अनुसंधान पर ध्यान केंद्रित करते हैं। और स्वास्थ्य देखभाल में भविष्य के प्रयासों के लिए छात्रों को विकसित करते हैं। हम फार्मास्युटिकल उद्योग की चुनौतियों का ध्यान रखते हुए छात्रों को समाज की सेवा करने के लिए शिक्षित करते हैं। हम अपने छात्रों को एग्जिट परीक्षा जैसी विभिन्न प्रतियोगिताओं के लिए तैयार करते हैं। अनुभवी और समर्पित संकाय हमारे संस्थान की पहचान हैं, जो छात्रों को शोध प्रकाशित करने और पेटेंट प्राप्त करने में लगातार मदद कर रहे हैं। साथ ही अच्छे संस्कार भी देते हैं।
प्रवेश हैल्पलाईन : 9455113105
SUN LUPIN Pfizer pil Psychotropics India Limited MACLEODS Canixa Life Sciences
वेबसाइट :- www.varunarjunmedicalcollege.com, Email ID: varunarjun trust@gmail.com

खबरें www.amritvichar.com पर भी पढ़ें।

# टैलेंट हंट परीक्षा के विजेताओं को मिला पुरस्कार, खिले चेहरे


आरएलडी पब्लिक स्कूल में आयोजित टैलेंट हंट परीक्षा के विजेताओं को किया गया पुरस्कृत।

संवाददाता, सिंधौली

**अमृत विचार:** राम लड़ती देवी पब्लिक स्कूल में आयोजित टैलेंट हैंड एग्जाम (ओलंपियाड परीक्षा)में कक्षा प्रथम-बी के छात्र रुद्रांश मिश्रा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि राष्ट्रीय स्तर पर चतुर्थ स्थान प्राप्त किया। रुद्रांश मिश्रा को नगद पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। होमी भाभा सेंटर फॉर साइंस एजुकेशन के तेहत गणित विषय को बढ़ावा देने के लिए ओलंपियाड परीक्षा करवाई गई। इस परीक्षाएं से छात्रों ज्ञान और टैलेंट का मूल्यांकन किया जाता है, इसलिए इसको टैलेंट हैंट एग्जाम कहा जाता है। इस परीक्षा से छात्र- छात्रा इम्प्रूवमेंट के लिए प्रेरित होते हैं। इसमें हिस्सा लेने वाले छात्रों को उनके साइंटिफिक रीजनिंग और लॉजिकल एबिलिटी के आधार पर जज किया जाता है। आरएलडी पब्लिक स्कूल ग्राम बारापुर शाहजहांपुर में परीक्षा सम्पन्न होने के बाद परिणाम आने पर पुरस्कार वितरण समारोह किया गया। जिसमें स्कूल के प्रबंधक श्रवण कुमार दीक्षित, प्रधानाचार्य सौरभ सक्सेना, उप प्रधानाचार्य श्रद्धा दीक्षित ने परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत का सम्मानित किया। इस अवसर पर स्कूल के समस्त शिक्षक और शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

